11.12.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट सफलता पूर्वक सम्पन्न–दो साल बाद फिर आयोजित होगा समिट।

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–विकसित भारत के लिए यंग इनोवेटर्स को नए ढंग से सोचने की जरूरत है।

○ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी के लिए कौशल विकास केंद्रों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया।

○ राज्य की मौजूदा सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन होंगे।

○ प्रदेश में सर्द हवाओं से ठण्ड और तेज़ हुई–सीकर के फतेहपुर में पारा गिरकर माइनस एक डिग्री पर पहुंचा।

000

जयपुर में आयोजित हुआ तीन दिन का राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट आज सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि समिट में हुए 35 लाख करोड़ के एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए सरकार पूरी ताकत के साथ काम करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान केवल इतिहास की गाथाओं का नहीं बल्कि भविष्य की सफलता का बिंब भी बनना चाहिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दो साल बाद फिर राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट आयोजित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि दो साल बाद यह हिसाब भी दिया जायेगा कि इस समिट में हुए कितने एमओयू धरातल पर उतरे हैं।

...............

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राजस्थान के मारवाड़ियों और उद्यमियों ने पूरे देश–दुनिया में नाम कमाया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के लोग जन्म से ही उद्यमिता का हुनर लेकर आते हैं।

...............

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उर्जा क्षेत्र में निवेश होना शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि अमरीका और चीन के बाद ऊर्जा की खपत के मामले में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ उर्जा के मामले में राजस्थान नेतृत्व करने की स्थिति में आ गया है।

इससे पहले आयोजित एमएसएमई कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में लघु, मध्यम और सूक्ष्म उद्यम को 1 एकड़ जमीन के लैंड कन्वर्जन के लिए बड़ी छूट दी जायेगी।

साथ ही राजस्थान पहला राज्य बनेगा जहां एमएसएमई को किसी भी राज्य कानून से अनुमोदन और निरीक्षण की छूट होगी। उन्होंने एमएसएमई को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं का भी जिक्र किया।

सम्मेलन में भाग लेने आये निवेशकों ने भी आकाशवाणी के साथ इस समिट को लेकर अपने अनुभव साझा किये। मुंबई के देवेश दाधीच ने कहा कि वे शिक्षा के क्षेत्र में काम करना चाहते है और समिट को लेकर उत्साहित हैं।

...............

इसी तरह, यूके से आये प्रवासी राजस्थानी डॉ. विमल शर्मा ने कहा कि राज्य में मानसिक स्वास्थ्य और रिसर्च में काम की बहुत संभावनाएं हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि युवाओं के पास 21वीं सदी के भारत के लिए अलग–अलग दृष्टिकोण और समाधान हैं। आज स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के ग्रैंड फिनाले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यंग इनोवेटर्स से बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश सभी के प्रयासों से ही तेज गति से आगे बढ़ रहा है। श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए यंग इनोवेटर्स को नए ढंग से सोचने की जरूरत है।

...............

पांच दिन तक चलने वाली इस हैकाथॉन में जयपुर के एक निजी विश्वविद्यालय को भी केन्द्र के रूप में शामिल किया गया है। केन्द्र के नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सैनी ने बताया कि इसमें डेढ़ सौ से ज्यादा विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें से 56 लड़कियां हैं। इन युवाओं को पांच मंत्रालयों और संस्थाओं की 68 समस्याओं के समाधान पर काम करना है।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि विकसित भारत का रास्ता ग्रामीण क्षेत्र और कौशल केंद्रों से ही निकलता है। श्री धनखड़ आज जयपुर में सोहन लाल स्मृति कौशल केंद्र का लोकार्पण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में प्रति व्यक्ति आय को आठ गुना तक बढाये जाने की जरूरत है। इस समस्या का समाधान कौशल विकास केंद्रों के जरिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जल, थल, आकाश और अंतरिक्ष हर स्तर पर देश बड़ी छलांग लगा रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश से कुशल व्यक्ति दुनियाभर में अपनी सेवाएं दे सकते हैं। श्री धनखड़ ने कहा कि शिक्षा और कौशल दोनों जरूरी है। लम्बे समय के बाद आई में भी कौशल पर बहुत ध्यान दिया गया है। श्री धनखड़ ने आर्थिक राष्ट्रवाद की वकालत करते हुए कहा कि, जो उत्पाद देश में बन रहे हैं उनका विदेशों से आयात करने से बचना चाहिए। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण इस्तेमाल पर जोर दिया और कहा कि इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति को विचार करना चाहिए।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बाघिन टी–114 के शावकों की मुकुंदरा नेशनल टाइगर रिजर्व और रामगढ़ विषधारी उद्यान में शिफ्टिंग को सकारात्मक पहल बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इससे कोटा–बूंदी संसदीय क्षेत्र में नेचर टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि रामगढ़ विषधारी उद्यान में सफारी का शुभारंभ हो चुका है, और मुकुंदरा टाइगर रिजर्व में भी जल्द ही टाइगर सफारी शुरू की जाएगी।

000

राज्य की मौजूदा सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन होंगे। कल सभी जिलों में 'रन फॉर विकसित राजस्थान' का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर में जनपथ स्थित अमर जवान ज्योति से रन फॉर राजस्थान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेताओं को सम्मानित भी करेंगे।

इसी तरह जोधपुर में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव और युवा सम्मेलन होगा। मुख्यमंत्री और चिकित्सा मंत्री इसकी शुरूआत करेंगे। वहीं 13 दिसम्बर को किसान सम्मेलन होंगे। पहली वर्षगांठ के उपलक्ष में सरकार की ओर से बालिकाओं और महिलाओं को भी विभिन्न सौगातें दी जाएंगी। 14 दिसम्बर को महिला सम्मेलन का आयोजन होगा। 15 दिसम्बर को सेवा शिविर, रक्तदान शिविर सहित अन्य कार्यक्रम होंगे। राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से आयोजन होंगे। जयपुर विकास प्राधिकरण पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से नई योजना का शुभारंभ करेगा। जेडीए ने इसे अटल विहार योजना नाम दिया है। ये योजना कालवाड़ रोड पर

नारी का बास में होगी। इसमें 284 भूखंड होंगे। सूचना और जनसम्पर्क विभाग की ओर से जिलों में विकास प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

000

सीकर के पूर्व विधायक, स्वतंत्रता सेनानी और किसान नेता रणमल सिंह का आज 102 वर्ष की आयु में पैतृक गांव कटराथल में निधन हो गया। उन्होंने आजादी से पहले वर्ष 1941 से 1944 तक शिक्षक के रूप में कार्य किया था। बाद में उन्होंने शिक्षक पद से इस्तीफा देकर जयपुर प्रजामंडल में शामिल होकर आजादी की लड़ाई में हिस्सा लिया। वे 1977 में कांग्रेस से विधायक रहे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और राज्यपाल हरी भाऊ बागड़े ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

000

जयपुर के जगतपुरा में अक्षयपात्र चौराहे पर आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काफिले की दो गाड़ियों को एक टैक्सी ने टक्कर मार दी। इस हादसे में सात लोग घायल हो गए, जिनमें 5 पुलिसकर्मी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही घायलों की मदद की और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। इनमें से पांच घायलों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।

000

प्रदेश में सर्द हवाओं ने ठण्ड का असर तेज कर दिया है। इससे गलन और ठिठुरन का एहसास बढ गया है। धौलपुर, पाली, जैसलमेर, बारां, कोटा, करौली और माउंटआबू सहित कई स्थानों पर शीतलहर का असर देखा जा रहा है। सीकर के फतेहपुर शेखावाटी में पहली बार आज पारा माईनस एक डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। सीकर में 1 दशमलव 5, चूरू में 1 दशमलव 8 और हनुमानगढ़ के संगरिया में 2 दशमलव 5 सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ।

राजधानी जयपुर में भी पारा लुढ़क कर 8 डिग्री पर आया गया। उधर, सरहदी जिले जैसलमेर में भी शीतलहर से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सर्दी और कोहरे के बावजूद सुरक्षा प्रहरी 24 घंटे सीमा की रक्षा में जुटे हैं। इस बीच, मौसम केन्द्र, जयपुर ने आगामी 4–5 दिन कई स्थानों पर शीतलहर का दौर जारी रहने की संभावना जताई है। अगले 24 घंटों में कहीं–कहीं अति शीतलहर की स्थिति रह सकती है। उत्तरी हवाओं के असर से प्रदेश में तापमान में 2 डिग्री तक गिरावट के भी आसार हैं।

000